# मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग

सूचना भवन, 35-बी, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011

फोन: 0755-2556871, फैक्स: 2556872, Website: sic.mp.gov.in, Email: ussicbho@mp.gov.in


## -: दिव्यांगजन हेतु आरक्षित सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु विज्ञापन :-

म.प्र.शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्र.एफ-8-2/2013/आ.प्र./एक दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार एवं अधिसूचना क्रमांक -एफ-3/1/2/0043/2023/सूअप्र/1-9 दिनांक 14.11.2024 के पालन में विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित निम्न पद की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से संलग्न प्रारुप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हता के प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ सहित आवेदन विहित प्रारुप में दिनांक 20.01.2025 तक कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक सचिव म.प्र. राज्य सूचना आयोग, भोपाल के नाम से डाक द्वारा या कार्यालयीन समय में राज्य सूचना आयोग, भोपाल 35-बी 'सूचना भवन' अरेरा हिल्स, भोपाल 462011 में स्वीकार किए जाएंगे। डाक के माध्यम से विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए राज्य सूचना आयोग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। :-

| क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | निःशक्तजन के लिये आरक्षित रिक्तियों पर प्रवर्ग एवं श्रेणीवार विवरण | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रवर्ग | पद की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक ग्रेड-3 | तृतीय श्रेणी | 19500- 62000 लेवल-4 | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि पद | एक | 1. हायर सेंकेडरी परीक्षा (10 + 2) उर्त्तीण की हो।<br>2. निम्नलिखित में से किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्युटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र होना चाहिए।<br>(अ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय।<br>(ब) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त मुक्त विश्वविद्यालय।<br>(स) डी.ओ.ई.ए.सी.सी./एन.आई.ई.एल.आई.टी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>(द) किसी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.व्ही.टी.), नई दिल्ली या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.व्ही.टी), मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एकवर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) प्रमाण-पत्र।<br>टीपः- विज्ञान में स्नातक/ वाणिज्य स्नातक/अन्य उपाधियॉ, जिनमें कम्प्यूटर केवल एक विषय के रूप में सम्मिलित है, विधिमान्य नहीं होगा।<br>3. हिन्दी में 20 शब्द प्रति मिनिट की गति के साथ कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणन परीक्षा (सी.पी.सी.टी.) प्रमाण-पत्र (स्कोर कार्ड) उर्त्तीण होना चाहिए। |

**मुख्य शर्तें -**

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 20.01.2025 की स्थिति में आवेदक की न्यूनतम आयु 18 एवं अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छुट का प्रावधान है।
3. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. निशक्तजन का डिजीटल प्रमाण-पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
5. पिछड़ा वर्ग का डिजीटल जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो मान्य होगा।
6. विभाग में कार्यरत कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।
7. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरुष के लिये 21 वर्ष, महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जायेगा।
8. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है, उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत आवेदक का चयन वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से किया जावेगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जावेगी।
10. वाक्-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदको को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
11. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिए।
12. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे।
13. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 3-13/2019/3/एक भोपाल, दिनांक 12 दिसंबर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी।
14. आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण/असत्य या त्रुटिपूर्ण पायी जाती है अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नही किये जाते हैं तो उसी आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बगैर आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
15. आवेदन का प्रारुप मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग की website: www.sic.mp.gov.in पर उपलब्ध है।
16. आवेदन भेजने का पता- **सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, बी- 35 'अरेरा हिल्स', भोपाल 462011** ।

(राजेश कुमार ओगरे)

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

**सचिव,**
मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग,
भोपाल, मध्यप्रदेश

विषय— पद.....................वर्ग.........................के लिये आवेदन।

संदर्भ— आपका विज्ञापन क्रमांक ......................दिनांक......................

1 आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम ....................................................................................

2 आवेदक/आवेदिका के पिता का नाम ....................................................................................

3 आवेदक/आवेदिका की माता का नाम ....................................................................................

4 आवेदक/ आवेदिका की जन्म तिथि (जन्म प्रमाण पत्र/ हाई स्कूल की अंकसूची अनुसार) ........................................

वर्ष...............माह .............दिन .............

5 विज्ञापन प्रसारण के दिनांक को आयु वर्ष ....................................................................................

6 आवेदक/ आवेदिका का लिंग (पुरूष/ महिला/ अन्य) ....................................................................................

7 आवेदक/ आवेदिका की जाति ....................................................................................

8 दिव्यांगता की श्रेणी एवं दिव्यांगता का प्रतिशत ....................................................................................

9 आवेदक/ आवेदिका यदि विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र अनुसार विवाह की दिनांक ........................................

10 जीवित संतानों का विवरण (26/01/2001 की स्थिति के पश्चात) ....................................................................................

11 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम ....................................................................

12 शैक्षणिक अर्हता (कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं सीपीसीटी स्कोर कार्ड की जानकारी सहित):—

| क्र | परीक्षा का नाम | संस्था बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

13 पद हेतु अनुभव का विवरण ....................................................................................
14 अतिरिक्त विशेष योग्यता यदि हो तो उसका विवरण ....................................................................................
15 वर्तमान पता (पिन कोड सहित) ....................................................................................
....................................................................................
16 स्थाई पता (पिन कोड सहित) ....................................................................................
....................................................................................
17 पत्राचार का पता( पिन कोड सहित) ....................................................................................
18 ईमल आई.डी (आवश्यक) ....................................................................................
19 मोबाइल नम्बर (आवश्यक)....................................................................................
20 यदि आवेदक शासकीय/संस्था/निगम/मण्डल में कार्यरत हैं तो उसका कार्यालय का नाम, पता एवं वर्तमान में धारित पद ....................................................................................

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता हूॅं/करती हूॅं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त वर्णित जानकारी मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर आवेदन निरस्त माना जावेगा।

**संलग्न—**

1 म0प्र0 के मूल निवासी का प्रमाण पत्र।
2 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन
3 दिव्यांगत प्रमाण पत्र (न्युनतम 40 प्रतिशत)
4 जाति प्रमाण पत्र
5 जन्म तिथि का प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र/ हाई स्कूल की अंकसूची)

स्थान : ..............................  हस्ताक्षर ..............................................

दिनांकः ..............................  आवेदक का नाम ..............................................

एवं पता ..............................................